# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: VIII** **विषय: सामाजिक विज्ञान**

**अवधि: 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक: 60**

## सामान्य निर्देशः

(i) यह प्रश्न पत्र छह खण्डों में विभाजित है- खण्ड क , खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ, खण्ड ङ एवं खण्ड च। इस प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही कीजिए।

(iii) प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।

(iv) खण्ड 'क' (प्रश्न संख्या 1.i से 1.xv तक) 1 अंक वाले बहुवैकल्पिक प्रकार के प्रश्न हैं।

(v) खण्ड 'ख' (प्रश्न संख्या 2 से 5 तक) में 2 अंक वाले अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(vi) खण्ड 'ग' (प्रश्न संख्या 6 एवं 7 तक) में 3 अंक वाले लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(vii) खण्ड 'घ' (प्रश्न संख्या 8 एवं 9 तक) में 5 अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(viii) खण्ड 'ङ' (प्रश्न संख्या 10 से 13 तक) में 4 अंक वाले केस आधारित प्रश्न हैं।

(ix) खण्ड 'च' ( प्रश्न संख्या 14) एक मानचित्र आधारित प्रश्न है जो 5 अंकों का है|

(x) मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए** अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

| प्रश्न सं. | खण्ड क | 1X15=15 |
|---|---|---|
| 1.i | निम्नलिखित में से कौन – सी फसल सुनहरा रेशा के नाम से भी जानी जाती है?<br>A. कपास<br>B. गेहूँ<br>C. चावल<br>D. जूट | 1 |
| 1.ii | 1756 में ......................... मृत्यु के बाद सिराजुद्दौला बंगाल का नवाब बना।<br>A. हैदर अली<br>B. मीर जाफर<br>C. अली वर्दी खान<br>D. टीपू सुल्तान | 1 |
| 1.iii | हंगरी देश के साथ हमारे देश के संबंध किस प्रकार के होने चाहिए' इस विषय पर निर्णय लेने का अधिकार किस सरकार के पास है?<br>A. केन्द्र सरकार<br>B. राज्य सरकार<br>C. स्थानीय सरकार<br>D. न्यायपालिका | 1 |
| 1.iv | निम्नलिखित में से कौन एक रोपण कृषि का उदाहरण नहीं हैं?<br>A. काजू<br>B. चावल<br>C. कपास<br>D. चाय | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 1.v | निम्नलिखित में से कौन भारतीय संसद का अंग है?<br>A. उपराज्यपाल<br>B. महालेखा एवं नियंत्रण परीक्षक<br>C. भारतीय चुनाव आयोग<br>D. लोकसभा | 1 |
| 1.vi | 1947 से पूर्व भारत में एकमात्र इस्पात का कारखाना ........................ था।<br>A. टाटा आयरन एंड स्टील जमशेदपुर<br>B. रिलायंस इंडस्ट्रीज<br>C. अडानी पावर लिमिटेड<br>D. डालमिया इंटरप्राइजेज | 1 |
| 1.vii | लोकसभा में निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या कितनी है?<br>A. 543<br>B. 553<br>C. 563<br>D. 573 | 1 |
| 1.viii | निम्नलिखित में से क्या भारतीय संविधान की एक विशेषता है?<br>A. राजकीय धर्म<br>B. शक्तियों का बंटवारा<br>C. राजतंत्र<br>D. केन्द्रीकृत शासन व्यवस्था | 1 |
| 1.ix | निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को कालक्रमानुसार लगा कर सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>1. प्लासी की लडाई।<br>2. मीर जाफर का दूसरी बार नवाब बनना।<br>3. मीर कासिम का नवाब बनना।<br>4. बक्सर की लड़ाई।<br>A. 2,3,4,1<br>B. 4,3,2,1<br>C. 3,2,4,1<br>D. 1,2,3,4 | 1 |
| 1.x | जनसंख्या पिरामिड क्या है?<br>A. जनसंख्या का आयु–लिंग संघटन का आलेखीय निरूपण।<br>B. जब किसी क्षेत्र का जनघनत्व इतना बढ़ जाता है कि लोग ऊँची इमारतों में रहते हैं।<br>C. बड़े नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या वितरण का प्रतिरूप।<br>D. ग्रामीण जनसंख्या की जीवन प्रत्याशा। | 1 |
| 1.xi | भारतीय संविधान का अनुच्छेद 17:<br>A. अस्पृश्यता का उन्मूलन करता है।<br>B. समानता का उन्मूलन करता है।<br>C. स्वतंत्रता का उन्मूलन करता है।<br>D. संवैधानिक उपचारों का अधिकार प्रदान करता है। | 1 |
| 1.xii | सालाबाई की संधि किनके मध्य हुई थी?<br>A. अंग्रेजों और मुगलों<br>B. अंग्रेजों और मराठों<br>C. अंग्रेजों और राजपूतों<br>D. अंग्रेजों और नवाबों | 1 |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in/

| | | |
|---|---|---|
| 1.xiii | निम्नलिखित में से किस मुगल बादशाह की मृत्यु रंगून में हुई?<br>A. औरंगजेब<br>B. शाहजहाँ<br>C. बहादुर शाह जफर<br>D. जहाँगीर | 1 |
| 1.xiv | मनीषा के समानता के अधिकार का हनन किया गया एवं उसे इसके लिए अदालत जाने से भी रोका जा रहा है। बताइए मनीषा के किस मौलिक अधिकार का हनन हो रहा हैं?<br>A. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार<br>B. स्वतंत्रता का अधिकार<br>C. संवैधानिक उपचारो का अधिकार<br>D. सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार | 1 |
| 1.xv | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**संकल्पना** (स): वनों का संरक्षण आवश्यक है।<br>**कारण** (क): वन हमारी संपदा है।<br>**विकल्प** :<br>A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।<br>B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।<br>D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है। | 1 |
| | **खण्ड ख** | 2x4=8 |
| 2 | हाशियाकरण से निपटने हेतू कुछ सुझाव दीजिए।<br>अथवा<br>हाशियाकरण के दुष्परिणाम बताइए। | 2<br><br>2 |
| 3 | भारत में अंग्रेजी शासन को बढ़ाने में 'प्लासी की लडाई' का महत्व बताइए। | 2 |
| 4 | भू – निम्नीकरण के कोई दो कारण बताइए। | 2 |
| 5 | जलियावाला बाग हत्याकांड पर अपने विचार प्रकट कीजिए।<br>अथवा<br>रॉलट सत्याग्रह की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | 2<br><br>2 |
| | **खण्ड ग** | 3x2=6 |
| 6 | राज्यसभा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।<br>अथवा<br>लोकसभा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। | 3<br><br>3 |
| 7 | भारतीय शिक्षा को लेकर प्राच्यवादी परंपरा के दृष्टिकोण का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>भारतीयों की शिक्षा के संबंध में महात्मा गांधी के दृष्टिकोण का वर्णन कीजिए। | 3<br><br>3 |
| | **खण्ड ड** | 5x2=10 |
| 8 | मृदा संरक्षण के उपाय बताइए। | 5 |
| 9 | स्वतंत्र न्यायपालिका की आवश्यकता का विश्लेषण कीजिए।<br>अथवा<br>जनहित याचिका का महत्व बताइए। | 5<br><br>5 |

DoE, Delhi

| | खण्ड ङ | 4x4=16 |
|---|---|---|
| 10 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>अन्य राज्यों की तरह जाटों ने भी सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दियों में अपनी सत्ता सुदृढ़ की। अपने नेता चूड़ामन के नेतृत्व में उन्होंने दिल्ली के पश्चिम में स्थित क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण कर लिया। 1680 के दशक तक आते-आते उनका प्रभुत्व दिल्ली और आगरा के दो शाही शहरों के बीच के क्षेत्र पर होना शुरू हो गया। वस्तुतः कुछ अर्से के लिए वे आगरा शहर के अभिरक्षक ही बन गए। जाट, समृद्ध कृषक थे और उनके प्रभुत्व-क्षेत्र में पानीपत तथा बल्लभगढ़ जैसे शहर महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र बन गए। सूरजमल के राज में भरतपुर शक्तिशाली राज्य रूप में उभरा। 1739 में जब नादिरशाह ने दिल्ली पर हमला बोलकर उसे लूटा, तो दिल्ली के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भरतपुर के में शरण ली। उसके पुत्र जवाहिरशाह के पास तीस हज़ार सैनिक थे। उसने बीस हज़ार अन्य सैनिक मराठाओं से लिए, पंद्रह हज़ार सैनिक सिक्खों से लिए और इन सबके बलबूते पर वह मुग़लों से लड़ा।<br><br>(10.1) किसके शासनकाल में जाटों ने दिल्ली के पश्चिमी क्षेत्रों पर नियंत्रण कर लिया? (1)<br>(10.2) जाट शासकों के प्रभुत्व में स्थित किसी एक व्यापारिक केंद्र का नाम लिखिए। (1)<br>(10.3) दिल्ली पर नादिरशाह ने कब आक्रमण किया था और इसके क्या परिणाम हुए? (1) | 1+1+2=4 |
| 11 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है। यह प्राकृतिक एवं मानव निर्मित परिघटनाओं का मिश्रण है। प्राकृतिक पर्यावरण में पृथ्वी पर पाई जाने वाली जीवीय एवं अजीवीय दोनों परिस्थितियां सम्मिलित हैं। जबकि मानवीय पर्यावरण में मानव की परस्पर क्रियाएं, उनकी गतिविधियां एवं उनके द्वारा बनाई गई रचनाएं सम्मिलित हैं। यह हमें सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए जल, खाने के लिए भोजन एवं रहने के लिए भूमि प्रदान करता है। मानव इस प्राकृतिक पर्यावरण में कैसे परिवर्तन करता है? कार का धुआं वायु को प्रदूषित करता है। पानी को पात्र में एकत्रित किया जाता है, भोजन को बर्तनों में परोसा जाता है और भूमि पर कारखानों का निर्माण होता है। मानव कार, मिल, कारखानों एवं बर्तनों का निर्माण करता है। इस प्रकार से मानव प्राकृतिक पर्यावरण में परिवर्तन करता है।<br><br>(11.1) मानव निर्मित पर्यावरण का कोई एक उदाहरण लिखिए। (1)<br>(11.2) प्राकृतिक पर्यावरण का क्या अर्थ है? (1)<br>(11.3) मानव प्राकृतिक पर्यावरण में किस प्रकार परिवर्तन करता है? (2) | 1+1+2=4 |
| 12 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>विधानसभा की बहसों में विधायक अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं, संबंधित विषय पर प्रश्न पूछ सकते हैं या सुझाव दे सकते हैं कि सरकार को इस संबंध में क्या करना चाहिए। सदस्य इस विषय पर जो भी प्रतिक्रिया व्यक्त करना चाहें, कर सकते हैं। इसके बाद मंत्री प्रश्नों के उत्तर देते हैं और सदन को आश्वस्त करते हैं कि ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों को निर्णय लेने होते हैं और सरकार चलानी होती है। हम प्रायः उन निर्णयों के बारे में सुनते हैं या समाचार चैनलों अथवा समाचारपत्रों में उन्हें देखते व पढ़ते हैं। हालाँकि जो भी निर्णय लिए जाते हैं उन्हें विधानसभा के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाना होता है। लोकतंत्र में विधानसभा सदस्य, मंत्रियों व मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछ सकते हैं, किसी महत्त्वपूर्ण विषय पर बहस कर सकते हैं, निर्णय ले सकते हैं कि धन कहाँ खर्च किया जाना चाहिए आदि।<br><br>(12.1) विधायक किसे कहते हैं? (1)<br>(12.2) विधान सभा के किसी एक कार्य को लिखिए । (1)<br>(12.3) विधान सभा में लिए गए निर्णयों की जानकारी हमें किस प्रकार प्राप्त होती है? (2) | 1+1+2=4 |
| 13 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>बढ़ती जनसंख्या तथा इसकी बढ़ती मांगों के कारण वनभूमि और कृषि योग्य भूमि का बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है। इससे इस प्राकृतिक संसाधन के समाप्त होने का डर पैदा हो गया है। इसलिए विनाश की वर्तमान दर को अवश्य ही रोकना चाहिए। वनरोपण, भूमि उद्धार, रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों के विनियमित उपयोग तथा अतिचारण पर रोक आदि भूमि संरक्षण के लिए प्रयुक्त कुछ सामान्य तरीके हैं।<br><br>(13.1) भूमि संरक्षण के किसी एक उपाय का उल्लेख कीजिए। (1)<br>(13.2) प्राकृतिक संसाधन हमारे लिए क्यों जरूरी है? (1)<br>(13.3) बढ़ती हुई जनसँख्या किस प्रकार वन भूमि के विनाश का कारण है? व्याख्या कीजिए। (2) | 1+1+2=4 |

DoE Delhi

https://www.evidyarthi.in/

| | खण्ड छ | 1x5=5 |
|---|---|---|
| 14 | भारत के दिए गए राजनीतिक रेखामानचित्र पर निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच स्थानों को** उचित संकेतों द्वारा दर्शाइए एवं उनके नाम लिखिए-<br>A. बनारस<br>B. बरेली<br>C. कानपुर<br>D. दिल्ली<br>E. अलीगढ़<br>F. झाँसी | 5x1=5 |
| | निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर** दिया गया है।<br>(**किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल कीजिए**)-<br><br>A. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ मंगल पांडे को अपने अफसरों पर हमला करने के आरोप में फांसी पर लटका दिया था।<br>B. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ नाना साहेब ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>C. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ मुग़ल बादशाह बहादुर शाह ज़फर ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>D. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>E. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कुँवर सिंह ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>F. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ रानी अवंति बाई लोधी ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था। | <br><br><br>1<br><br>1<br><br>1<br>1<br>1<br>1 |

